# नगर भ्रमण पर निकले भगवान वेंकटेश, गूंजे जयघोष

▸ गौरवशाली रथयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**इंदौर. छत्रीबाग स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान से गुरुवार को ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत देश की तीसरी सबसे बड़ी पारंपरिक गौरवशाली रथयात्रा निकाली गई. 'गोविंदा-गोविंदा' के जयघोष के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु वेंकटेश के रजत रथ को अपने हाथों से खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त किया.**

रथयात्रा का शुभारंभ नागोरिया पीठाधिपति विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में हुआ. यात्रा में संत-महात्मा, ट्रस्ट पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. रथ पूजा के बाद भगवान वेंकटेश नगर भ्रमण पर निकले, जहां मार्गभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया. रथयात्रा छत्रीबाग से प्रारंभ होकर नरसिंह बाजार, शीतला माता बाजार, गोरकुंड चौराहा, शक्कर बाजार, बड़ा सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाजखाना और साठा बाजार होते हुए पुन: देवस्थान पहुंची. रथ के आगे सुसज्जित महिलाएं, युवा और स्वयंसेवक श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल रहे. महोत्सव का समापन 17 जुलाई को सुबह 9 बजे रजत कलशों से भगवान वेंकटेश के शांति अभिषेक एवं माखन अभिषेक के साथ होगा ।प्रचार प्रमुख पंकज तोतला ने यह जानकारी दी.



**धार्मिक झांकियां रही विशेष आकर्षण**

यात्रा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां विशेष आकर्षण रहीं. गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का संदेश देती झांकियों के साथ शेषावतार रामानुज स्वामी की कमल पुष्प पर सजी झांकी तथा भगवान जगन्नाथ की झलक ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया.

## बालाजी के मनोहारी दर्शन ने मन मोह लिया

**इंदौर. गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी वेंकटेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने पहुंचे. इसी दौरान जगन्नाथ के सदृश्य विशाल रथ में भगवान के मनोहारी दर्शन के लिए भक्तों का तांता लग गया. समूचा परिसर गोविंदा गोविंदा के जयघोष से गूंज उठा.**

ट्रस्ट के पुरूषोत्तम पसारी व लक्ष्मण पटवा ने बताया कि श्रृंगारित पालकी में भगवान बालाजी, श्रीदेवी व भूदेवी की उत्सव प्रतिमाएं विराजित की गईं. पूजा व आरती के पश्चात पालकी को भक्तों ने अपने कांधे पर उठा लिया. पालकी यात्रा में बालकृष्ण भलिका, कृष्णा झंवर सहित भक्तों ने विभिन्न पाठ किये. राम मूंदड़ा ने बताया कि इस बार जगन्नाथपुरी की रथयात्रा के सदृश्य एक विशाल रथ का निर्माण किया गया जिसमें से श्रद्धालु भगवान बालाजी के भव्य दर्शन कर रहे थे. इस अवसर पर ओमप्रकाश पसारी, विजय बांगड़, गोपाल न्याती, गिरधारी न्याती, बाबू झंवर, ईश्वर बाहेती, रजत बेड़िया आदि मौजूद थे.



### एक नजर में

## मन को शुद्ध एवं निर्मल बनाने का मन्त्र है भागवत



**इंदौर.** हमारे विचार शुद्ध होंगे तो कर्म भी श्रेष्ठ बनेंगे. कर्म से ही हमारा स्वभाव और स्वभाव से ही श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण होगा. चरित्र से ही प्रारब्ध बनता है. बार-बार भागवत कथा श्रवण से हमारे मन मस्तिष्क पर श्रेष्ठ विचारों की छाप उसी तरह बन जाती है, जिस तरह कुए के पत्थर पर रस्सी के निशान. भागवत कथा मन को शुद्ध एवं निर्मल बनाने का मंत्र है. ये विचार हैं वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने मनोरमागंज स्थित गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में गुरुवार से प्रारम्भ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने नंगे पैर मस्तक पर भागवतजी को धारण कर व्यास पीठ पर विराजित किया, प्रारम्भ में भक्त मंडल के राजेंद्र माहेश्वरी, कमल राठी, मनोज गुप्ता एवं सुनील तिवारी, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी, सत्संग समिति के प्रदीप अग्रवाल, श्रीमती कांता अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, दिनेश तिवारी आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया। गीता भवन में ज्ञान यज्ञ का यह आयोजन शुक्रवार 23 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक जारी रहेगा। भक्त मंडल के गोकुल सिंह सिसोदिया एवं प्रदीप नीमा ने बताया कि शुक्रवार को ध्रुव चरित्र प्रसंग की कथा होगी.

## मुनि सुधा सागर के संभावित चातुर्मास हेतु बैठक



**इंदौर.** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर का वर्ष 2026 का पावन चातुर्मास इंदौर में होने की संभावना है. इस ऐतिहासिक चातुर्मास की तैयारी एवं सफल आयोजन हेतु एक अति आवश्यक बैठक 15 जुलाई को रात्रि 7.30 बजे जाल सभागृह में आयोजित की गई. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि इस बैठक में सभी दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्ष, मंत्री, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी गण, महिला मंडल की सदस्याएं एवं सभी युवा संगठन के साथी सम्मिलित हुए. इस मीटिंग के निवेदक थे सकल दिगंबर जैन समाज इंदौर, अशोक दोशी, गिरीश जैन, गिन्नी, धर्मेंद्र जैन सिनकेम, आकाश जैन, कोल आदि सभी का एक मत था कि यह भव्य आयोजन तभी सफल होगा जब इंदौर की समस्त संस्थाएं एक परिवार की भावना से एक मंच पर एकत्रित होकर कार्य करेंगी. इस अवसर पर अशोक बड़जात्या, ब्रहम. अनिल भैया, सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, कार्याध्यक्ष सौरभ पाटोदी, मंत्री देवेंद्र सोगानी, कैलाश वेद, डी के जैन, जैनेश झांझरी, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री महावीर जैन, सुभाष सामरिया, नकुल पाटोदी, आर के जैन एक्स. श्रीमती रानी डोशी, छाया जैन सहित बहुत अधिक संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## चौरड़िया निर्विरोध अध्यक्ष, काबरा उपाध्यक्ष बने



**इंदौर.** क्लाथ मार्केट मर्चंट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव में मंत्री पद को छोड़कर सभी पदों पर निर्धारित पदानुसार ही फार्म आने से पांच पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए हैं. ये सभी उम्मीदवार मूंगड़-चौरड़िया गुट के ही हैं. दस वर्षों बाद कपड़ा मार्केट में पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी है. रजनीश चौरड़िया मर्चंट्स एसोसिएशन के नए अध्यक्ष होंगे. अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद के लिए गिरीश काबरा, संयुक्त मंत्री के दो पदों के लिए मनोज नीमा व विनीत कोचर तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवकुमार जगवानी के नामांकन मंजूर हुए हैं. मंत्री पद के मामले में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है. वर्तमान मंत्री कैलाश मूंगड़ के सामने चंद्रप्रकाश गंगवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया है. शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते है. फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात आज फार्मों की जांचकर निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम पसारी द्वारा स्वीकृत नामांकन पत्रों की सूची लगाई गई. तब से ही मार्केट में हर्ष का माहौल छा गया.

## सेवा भारती के मातृछाया प्रकल्प को मिला 'सेवा सम्मान'



**इंदौर.** अलायन्स इंटरनेशनल द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'सेवा सम्मान' सेवा भारती के प्रकल्प 'मातृछाया' से जुड़े समाजसेवी अशोक राठी को प्रदान किया गया. यह सम्मान स्वर्गीय भेरूलाल जी अग्रवाल (बोहेड़ा वालों) की स्मृति में उनके पुत्र बाबूलाल अग्रवाल के सौजन्य से दिया जाता है. अलायन्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल एडवाइजर डॉ. राजेश अग्रवाल, सीए सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल एवं सतीश अग्रवाल ने बताया कि सम्मान के तहत नगद, शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट किया गया. डॉ. राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान उन व्यक्तियों एवं संस्थाओं को दिया जाता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज सेवा और परमार्थ के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए देश और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं. पूर्व में यह सम्मान पर पीड़ा हर सहायता संस्था, विसर्जन आश्रम के संस्थापक किशोर गुप्ता, भारत की बेटी फाउंडेशन की सुरभि गुप्ता, मुस्कान ग्रुप तथा सेवा भारती को प्रदान किया जा चुका है. समारोह में डॉ. जितेंद्र, डॉ. सुबोध बांझल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मयंक की भी विशेष उपस्थिति रही.

# छात्रा सुरक्षा के मुद्दे पर अभाविप सड़कों पर उतरा

▸ अभाविप ने निकाला विरोध मार्च पुतला दहन कर जताया आक्रोश

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** एनएसयूआई नेता पर छात्रा कार्यकर्ता के साथ दुष्कर्म एवं मारपीट के आरोपों के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और रैली निकालते हुए भोलाराम उस्ताद मार्ग चौराहे पहुंचे, जहां एनएसयूआई का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. अभाविप का कहना है कि यह प्रदर्शन 'छात्र गूंज' अभियान से जुड़ी एक छात्रा कार्यकर्ता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के विरोध में आयोजित किया गया. संगठन ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई नेता सुभाष यादव पर छात्रा के साथ यौन शोषण और मारपीट के आरोप लगे हैं, जिससे छात्र संगठनों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं. प्रदर्शन के दौरान अभाविप पदाधिकारियों ने कहा कि यह कोई एकल मामला नहीं है और पूर्व में भी एनएसयूआई से जुड़े कई पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लग चुके हैं. संगठन ने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बजाय उन्हें संरक्षण दिए जाने की प्रवृत्ति देखने को मिलती है. अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आगे भी आंदोलन जारी रखेगा.




### दोषी पर सख्त कार्रवाई हो

अभाविप की महानगर सह मंत्री प्रांजलि अग्रवाल ने कहा कि परिषद इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा मामले की तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करती है. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का राजनीतिक संरक्षण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो भी व्यक्ति जांच में दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की घटनाओं में न्याय सुनिश्चित करना आवश्यक है.



## पद्मावती वेंकटेश देवस्थान से रथ यात्रा निकली

**इंदौर.** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एयरोडम रोड पर जगन्नाथ पुरी में की रथ यात्रा के तर्ज पर भगवान वेंकटेश बालाजी की रथ यात्रा मंदिर परिसर में निकाली गई. स्वामी केशवाचार्य महाराज बालक स्वामी की पावन प्रेरणा से निकाली गई इस रथ यात्रा में अयोध्या से पधारे संत अन्नताचार्य भी शामिल हुए. मंदिर समिति के मनोहर सोनी भगवानदास हेड़ा एवं नितिन तापड़िया ने बताया कि आज सुबह पुरुष सूक्त, आलविंदार स्तोत्र पाठ श्री सूक्त आदि के द्वारा भगवान का अभिषेक हुआ एवं चल विग्रह का श्रृंगार करके उन्हें श्रृंगारित रथ पर भगवान वेंकटेश बालाजी के साथ भू देवी एवं श्रीदेवी को विराजित किया गया. श्रद्धालुओं ने हरिकिशन साबू भोपू जी के भजनों पर रथ को अपने हाथों से खींचा रथ से मंदिर परिसर में तीन परिक्रमा पूरी की. इसमें शामिल हुए. इस अवसर पर गिरीश कश्यप कैलाश जोशी लाला साबू सरलाहेड़ा पदमा सोनी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे.

## नीट रिजल्ट जारी, 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार देर रात नीट यूजी 2026 का परिणाम घोषित कर दिया. देशभर में करीब 20 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 11.21 लाख से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए. अब सफल विद्यार्थियों के लिए एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की काउंसलिंग का रास्ता खुल गया है.**

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में इस बार पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया. परीक्षा में 19 अभ्यर्थियों ने 700 से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 138 विद्यार्थियों ने 690 से अधिक अंक प्राप्त कर कड़ी प्रतिस्पर्धा का संकेत दिया. सफल अभ्यर्थियों में 58 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं. नीट परिणाम घोषित होने के साथ ही देशभर में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की दौड़ तेज हो गई है. मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) जल्द ही अखिल भारतीय कोटा की काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी करेगी, जबकि राज्य स्तर पर संबंधित प्राधिकरण अपने-अपने कोटे की काउंसलिंग कराएंगे. इधर, प्रदेश के सबसे बड़े मेडिकल कोचिंग हब इंदौर में भी परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल है. देर रात तक छात्र छात्राएं अपने स्कोरकार्ड डाउनलोड करने में जुटे रहे, जबकि शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों ने टॉपर्स और चयनित विद्यार्थियों का डेटा जुटाना शुरू कर दिया. शुक्रवार को इंदौर के टॉपर्स और विभिन्न संस्थानों के प्रदर्शन की तस्वीर साफ होने की उम्मीद है.

# कलेक्टर से छात्राओं ने की शिकायत, स्कूल-कॉलेज के बाहर होती है छेड़छाड़

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. कन्या विद्यालय और जीडीसी कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को कलेक्टर शिवम वर्मा को ज्ञापन सौंपकर स्कूल-कॉलेज के आसपास बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं और सिटी बस पास शुल्क वृद्धि पर चिंता जताई.**

छात्राओं ने आरोप लगाया कि कलेक्टर कार्यालय से करीब 100 मीटर दूर स्थित शैक्षणिक संस्थानों के बाहर ऑटो चालक, बाइक सवार और असामाजिक तत्व आए दिन अभद्रता करते हैं, जिससे छात्राओं में असुरक्षा का माहौल है. छात्राओं का आरोप है कि ऑटो और बाइक वाले कॉलेज व स्कूल के रास्तों पर उनका पीछा करते हैं, अश्लील कमेंट्स करते हैं, और सार्वजनिक रूप से अभद्र हरकतें करते हैं. जीडीसी कॉलेज की छात्रा पूजा कुशवाहा ने बताया कि कुछ ऑटो चालक छात्राओं को मोबाइल पर अश्लील तस्वीरें दिखाते हैं, जबकि बाइक सवार तेज रफ्तार में कट मारते हुए निकलते हैं, जिससे कई छात्राएं घायल भी हुई हैं.

उन्होंने कहा कि पहले भी शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई के बाद आरोपी जमानत पर छूट गए और छात्राओं को ही गवाही के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़े. वहीं छात्रा दिशा यादव ने सिटी बस पास शुल्क 200 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों पर पहले से ही किराया और शिक्षा का आर्थिक बोझ है. ऐसे में बस पास शुल्क वृद्धि छात्रों के लिए अतिरिक्त परेशानी बन गई है.



### संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है. स्कूल-कॉलेजों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए एसडीएम श्रुति अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है. स्कूल प्रबंधन से अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे लगाने पर चर्चा की जा रही है. संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया.

# इंदौर को 1,214 करोड़ की बड़ी सौगात, केंद्र से मिले 302 करोड़

▸ जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था होगी आधुनिक

▸ 20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनेगी योजना

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. शहर की जलापूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अर्बन चैलेंज फंड के तहत 1,214 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है. इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा 302 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी. योजना के क्रियान्वयन से शहर की वर्तमान एवं भविष्य की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी.**

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि परियोजना की स्वीकृति के लिए उन्होंने केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए. हाल ही में दिल्ली में आयोजित अर्बन चैलेंज फंड की संसदीय समिति की बैठक में उन्होंने इंदौर की जरूरतों को प्रमुखता से रखा था. इसके बाद 6 जुलाई को इंदौर में केंद्रीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया. सांसद लालवानी के अनुसार यह परियोजना शहर की आगामी 20 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसके तहत पुराने शहर की जर्जर पाइपलाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा, जबकि नए विकसित क्षेत्रों में आधुनिक जल वितरण नेटवर्क और बड़े व्यास की पाइपलाइन बिछाई जाएंगी. सभी जोनों में प्रेशर मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किए जाएंगे और सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से जलापूर्ति की रियल-टाइम निगरानी की जाएगी. जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक जोन में ऑटोमैटिक क्लोरीनेशन तथा रियल-टाइम क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए जाएंगे. किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर तत्काल अलर्ट प्राप्त होगा, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी. परियोजना के पूरा होने से जल वितरण नेटवर्क और सीवरेज व्यवस्था मजबूत होगी, सभी क्षेत्रों में बेहतर जलदाब के साथ नियमित जलापूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार होगा, पानी की बर्बादी कम होगी तथा जल गुणवत्ता में वृद्धि होगी. साथ ही बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं के अनुरूप दीर्घकालिक समाधान उपलब्ध हो सकेगा.

### महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी योजना

सांसद शंकर लालवानी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित यह योजना इंदौर की जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत करेगी तथा नागरिकों को आने वाले वर्षों में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.



## जल संरक्षण पर डॉ. द्विवेदी के सुझावों की मंत्री तुलसी सिलावट ने की सराहना

**इंदौर.** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक व शिक्षाविद डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता को लेकर प्रस्तुत सुझावों की सराहना की. मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि आपका यह सुझाव अगली पीढ़ी के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रदेश और देश दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा. जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. डॉ. द्विवेदी ने मंत्री सिलावट से भेंट कर प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में प्रतिवर्ष जल ही जीवन है विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किए जाने का प्रस्ताव सौंपा. भेंट के दौरान मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रस्ताव को सकारात्मक दृष्टिकोण से लेते हुए प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग को आवश्यक अनुशंसा शीघ्र प्रेषित की जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण विषय पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके.

# लगातार 17वें दिन धरने पर बैठे छात्र की बिगड़ी तबीयत

▸ नीट परीक्षा पेपर लीक का कर रहे हैं विरोध

**इंदौर.** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर इंदौर के टंट्या भील चौराहा पर पिछले 17 दिनों से लगातार अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई. छात्र की तबीयत खराब होने के बाद प्रदर्शन स्थल पर ही डॉक्टर को बुलाकर उपचार कराया गया.

जानकारी के अनुसार, धरने में शामिल छात्र दिन-रात प्रदर्शन स्थल पर डटे हुए हैं. लगातार खुले वातावरण में रहने, पर्याप्त आराम नहीं मिलने तथा क्षेत्र में मच्छरों की अधिकता के कारण छात्र की तबीयत अचानक खराब हो गई. प्रदर्शनकारियों ने तत्काल चिकित्सक को मौके पर बुलाया, जिन्होंने छात्र का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार दिया. उपचार के बाद छात्र की स्थिति सामान्य बताई गई. धरने में शामिल पीड़ित छात्र रोहित वास्कले ने बताया कि पिछले 17 दिनों से वे लगातार आंदोलन में शामिल हैं. उन्होंने कहा कि मच्छरों और प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी है, लेकिन वे अपनी मांगों से पीछे हटने वाले नहीं हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती और उचित निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा.



## आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर बनी स्टेट सीनियर महिला बास्केटबॉल चैंपियन

**इंदौर. मप्र सीनियर महिला बास्केटबॉल लीग के फाईनल मुकाबले में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने बीएफ एकेडमी ग्वालियर को हराकर खि़ताब पर कब्जा जमाया ।फाईनल मैच में आईटीएम ग्वालियर ने 79 अंक स्कोर किए. बीएफ एकेडमी ग्वालियर के 64 अंक थे. 15 अंको के अंतर से आईटीएम ग्वालियर विजयी बनी.**

दोनों टीमों ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में आईटीएम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल खेलकर लीड लेते हुए विजयी बढ़त हासिल की. बीएफ एकेडमी की श्वेता सिंह को बेस्ट प्लेयर और एनबीए इंदौर की उन्नति गोधा बेस्ट स्कोरर का अवार्ड मिला. लोअर वर्ग का फाइनल मैच ग्वालियर कॉरपोरेशन ने जीता. फाईनल मैच के दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित सूरी, एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह गिल व महासचिव अविनाश आनंद, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रीना चौहान, बास्केटबॉल ट्रस्ट के चेयरमैन एस. के. बंडी, सचिव लक्ष्मीकांत पटेल और सुमित सूरी उपस्थित थे. फाईनल मैच के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए.

